

# मोटी बिल्ली


एक डेनिश लोककथा

जैक केंट

# मोटी बिल्ली

एक डेनिश लोककथा

जैक केंट





एक बार एक बूढ़ी औरत दलिया पका रही थी. उसे अपने पड़ोस की महिला से कुछ काम था. इसलिए उसने बिल्ली से पूछा कि क्या वो उसकी गैरहाज़िरी में उसके दलिए की देखभाल करेगी.

"बहुत खुशी से," बिल्ली ने कहा.

लेकिन जब बूढ़ी औरत चली गई,
तो बिल्ली को वो दलिया इतना अच्छा
लगा कि उसने सारा दलिया खा डाला.





साथ में उसने दलिए का बर्तन भी खा लिया.

जब बुढ़िया वापस आई तो उसने बिल्ली से पूछा,

"मेरे दलिए को क्या हुआ?"



"ओह," बिल्ली ने कहा.,

"मैंने दलिया खा डाला और साथ में उसका बर्तन भी.

और अब मैं तुम्हें भी खाने जा रही हूँ."



और फिर बिल्ली ने बूढ़ी औरत को भी खा लिया.

बिल्ली आगे बढ़ी और रास्ते में उसकी मुलाकात एक सुअर से हुई.



उस सुअर ने कहा. "तुमने क्या-क्या खाया है, मेरी छोटी बिल्ली?
तुम बहुत मोटी लग रही हो."

और बिल्ली ने कहा.

"मैंने दलिया और उसका बर्तन खाया है

और एक बूढ़ी औरत को भी

और अब मैं तुम्हें भी

खाने जा रही हूँ."



फिर उसने सुअर को भी खा लिया.

बाद में उसकी मुलाकात एक बत्तख से हुई.

औरत ने कहा, "मेरी छोटी बिल्ली, तुमने क्या-क्या खाया है?
तुम सच में बहुत मोटी लग रही हो."




"मैंने दलिया और उसका बर्तन खाया है
और एक बूढ़ी औरत को भी
मैंने एक सूअर भी खाया है
और अब मैं तुम्हें भी खाने जा रही हूँ."



यह कहकर बिल्ली ने उस बत्तख को भी खा लिया.

इसके बाद, बिल्ली पांच पक्षियों के एक झुंड से मिली.

पक्षियों ने उस से कहा, "अरे छोटी बिल्ली, तुमने क्या-क्या खाया है? तुम वाकई बहुत मोटी हो."



"मैंने दलिया और उसका बर्तन खाया है
और एक बूढ़ी औरत को भी
मैंने एक सूअर भी खाया है
मैंने एक बत्तख भी खाई है
और अब मैं तुम्हें भी खाने जा रही हूँ."



और फिर उसने पांच पक्षियों के उस झुंड को भी खा लिया.



बाद में बिल्ली नाचती हुई सात लड़कियों से मिली.

लड़कियों ने भी उससे कहा,

"बताओ! तुमने क्या-क्या खाया है, छोटी बिल्ली? तुम वाकई बहुत मोटी हो."

फिर बिल्ली ने कहा,

"मैंने दलिया और उसका बर्तन खाया है

और एक बूढ़ी औरत को भी.

मैंने एक सूअर भी खाया है

मैंने एक बत्तख भी खाई है

और पांच पक्षियों का एक झुंड भी.

और अब मैं तुम्हें भी खाने जा रही हूँ."

और फिर बिल्ली ने नाचती हुई उन सात लड़कियों को भी खा लिया.



थोड़ा और आगे जाने पर
उसकी मुलाकात एक महिला से
हुई जो अपने हाथ में एक
गुलाबी छतरी पकड़े थी.

उस महिला ने बिल्ली से कहा,
"हे भगवान! तुमने क्या-क्या
खाया है, मेरी छोटी बिल्ली?
तुम बेहद मोटी हो."

फिर बिल्ली ने कहा,
"मैंने दलिया और उसका बर्तन खाया है
और एक बूढ़ी औरत को भी
मैंने एक सूअर भी खाया है
मैंने एक बत्तख भी खाई है
और पांच पक्षियों का एक झुंड भी.
मैंने एक गुलाबी छतरी वाली महिला
को भी खाया है.
और अब मैं तुम्हें भी खाने जा रही हूँ."

उसके बाद बिल्ली गुलाबी छाते
वाली महिला को भी निगल गई.



थोड़ी देर बाद बिल्ली को टेढ़ी लाठी के साथ एक पादरी मिला.




"प्रिय बिल्ली! बताओ तुम किस चक्की का आटा खाती हो?
तुम इतनी मोटी कैसे हुईं?"

फिर बिल्ली ने कहा,

"मैंने दलिया और उसका बर्तन खाया है
और एक बूढ़ी औरत को भी
मैंने एक सूअर भी खाया है
मैंने एक बत्तख भी खाई है
और पांच पक्षियों का एक झुंड भी
मैंने एक गुलाबी छतरी वाली महिला को भी खाया है
और अब मैं तुम्हें भी खाने जा रही हूँ."

और फिर उसने टेढ़ी लाठी वाले पादरी को भी खा लिया.



इसके बाद, बिल्ली को एक लकड़हारा मिला जिसके पास एक कुल्हाड़ी थी.
"हे भगवान! तुमने क्या-क्या खाया है? तुम सच में बहुत मोटी हो."

और बिल्ली ने कहा,
"मैंने दलिया और उसका बर्तन खाया है
और एक बूढ़ी औरत को भी.
मैंने एक सूअर भी खाया है
मैंने एक बत्तख भी खाई है
और पांच पक्षियों का एक झुंड भी
मैंने एक गुलाबी छतरी वाली महिला को भी खाया है
मैंने टेढ़ी लाठी वाले पादरी को भी खाया है
और अब मैं तुम्हें भी खाने जा रही हूँ."

"नहीं, तुम अपनी गलती पर पछताओगी मोटी बिल्ली," लकड़हारे ने कहा.





फिर लकड़हारे ने अपनी कुल्हाड़ी के
एक वार से बिल्ली के दो टुकड़े कर दिए.
और फिर बिल्ली के पेट में से
टेढ़ी लाठी वाले पादरी कूदे
और गुलाबी छतरी वाली महिला कूदी

और सात नाचने वाली लड़कियां कूदीं
और पांच पक्षियों का झुंड कूदा
फिर सूअर कूदा
और बत्तख कूदी.



फिर बुढ़िया ने अपना दलिया और उसका बर्तन उठाया

और वो उनके साथ अपने घर चली गई.





एक छोटी सी बिल्ली
भला इतनी मोटी कैसे हो गई?

